# कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन एंव वन्य जीव प्रभाग, हरदोई।

पत्रांक 2837 / 14—1(एन0एच0—330डी) हरदोई दिनांक— 18-1- 2023

सेवा में,

अधिशाषी अभियन्ता,
एन0एच0 डिवीजन, लोक निर्माण विभाग,
कानपुर।

विषयः— **सीतापुर—हरदोई (राजमार्ग संख्या—330 डी) किमी0 0.00 से 38.853 तक दो लेन से चार लेन पेब्ड सोल्डर सहित चौड़ीकरण मे प्रभावित सीतापुर वन प्रभाग मे प्रभावित 28.707 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी कार्य एवं बाधक 1549 वृक्षो के पातन तथा हरदोई वन प्रभाग मे प्रभावित 8.28 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 1200 वृक्षो के पातन अर्थात कुल 36.987 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 2749 वृक्षो के पातन की अनुमति के सम्बन्ध मे।**

सन्दर्भः— मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ के कार्यालय पत्रॉक—2110 / 11—सी—FP/UP/Road/146875/2021

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र जो मुख्य वन संरक्षक, लखनऊ मण्डल, लखनऊ को सम्बोधित एवं आप सहित इस कार्यालय को पृष्ठांकित है, का अवलोकन करने का कष्ट करे जिसके द्वारा लायी गयी बिन्दुवार आपत्ति / कमियो का निराकरण कर अभिलेख / सूचना उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये है। जनपद हरदोई के अर्न्तगत प्रस्तावित परियोजना मे याचक विभाग से सम्बन्धित आपत्ति विन्दु निम्नवत हैः—

1— प्रस्ताव मे संलग्न लागत लाभ विश्लेषण प्रमाण पत्र पत्र प्रयोक्ता एजेंसी / प्रभागीय वनाधिकारी के हस्ताक्षर नही है। हस्ताक्षर कर प्रस्तुत किये जाय।

3— प्रस्ताव मे CA स्थल का Geo Reference Digital Map संलग्न है किन्तु Geo Reference Digital Map पर कोआर्डिनेटस के बिन्दु नही दर्शाये गये है। अतः Geo Reference Digital Map पर कोआर्डिनेटस के बिन्दु दर्शाते हुए प्रस्ताव मे संलग्न करे।

6— प्रस्ताव मे सम्बन्धित विभागो का अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की वचनबद्वता संलग्न है किन्तु अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न नही है।

10— पेनड्राइब मे अपलोड की गयी पी0डी0एफ0 फाइल त्रुटिपूर्ण है तथा प्रस्तावित एवं CA स्थल की के0एम0एल0 फाइल अपलोड नही है।

अतः आपसे अनुरोध है कि इंगित कमियो का निराकरण कर संशोधित प्रस्ताव की संशोधित पी0डी0एफ0 फाइल पेनड्राइब मे अपलोड कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने का कष्ट करे ताकि अधोहस्ताक्षरी के स्तर से अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

(रविशंकर शुक्ल)
प्रभागीय निदेशक,
सा0 वा0 वन एंव वन्य जीव प्रभाग,
हरदोई।

**पत्रॉक—2837 / उक्त दिनॉकित**

**प्रतिलिपि—** मुख्य वन संरक्षक, लखनऊ मण्डल, उ0प्र0 लखनऊ को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि—** प्रभागीय निदेशक / नोडल अधिकारी, सा0 वा0वन प्रभाग, सीतापुर को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

(रविशंकर शुक्ल)
प्रभागीय निदेशक,
सा0 वा0 वन एंव वन्य जीव प्रभाग,
हरदोई।

D:\FCA 1980\Sitapur- Partap Nagar NH-330 D\User Ajency Letter.doc